न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 66/2022 बउनवानी संतोष अग्रवाल बनाम लो.सू.अधि.एवं अति0जिला कलेक्टर,स0मा0
निवासी मु.पो. वजीरपुर
GCMS No-2022/115

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिश्यिल जज
26.8.2022	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही। लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 27.5.2022 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर के कार्यालय में अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गया:– 1. वजीरपुर ग्राम पंचायत की वोटर लिस्ट सन् 1955 से 1972 तक की प्रमाणित प्रति। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी। नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही हुआ। दौराने सुनवायी पैरोकार राजस्व ने कथन किया कि लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर के जवाब नोटिस क्रमांक /एफ.1()/सूकाअ/2022/718 दिनांक 18.7.2022 से अवगत कराया कि उक्त प्रार्थना पत्र आर.टीआई अनुभाग मे प्राप्त नही हुआ है इसलिए अपील सें संबंधित नोटिस उपजिला निर्वाचन अधिकारी सवाईमाधोपुर को जरिये पत्रांक/एफ.1()/सूकाअ/2022/718 दिनांक 18.7.2022 भिजवाकर अपीलान्ट को वांछित सूचनाऐ उपलब्ध करवाने हेतु लिखा जा चुका है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सवाईमाधोपुर के पत्रांक/निर्वाचन/सूकाअ/2022/331 दिनांक 26.8.2022 द्वारा अवगत कराया कि अपीलान्ट द्वारा चाही गयी सूचना से संबंधित रिकार्ड काफी पुराना है जो अभी तक चुनाव रिकार्ड मे रूम में उपलब्ध नही हो पाया है। सूचना से संबंधित रिकार्ड चुनाव रिकार्ड रूम मे उपलब्ध होने पर अपीलान्ट को उपलब्ध करवाया जाना सम्भव हो सकेगा। अतः अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया। पैरोकार राजस्व द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 14.5.2022 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1 मे चाही गयी सूचना 1955 से 1972 की होने के कारण काफी पुरानी है जिसको रिकार्ड रूम मे तलाश करवाया जा रहा है किन्तु वांछित सूचना से संबंधित रिकार्ड उपलब्ध नही होने के कारण अपीलान्ट को अभी तक सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है। अतः लोक सूचना अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अपीलान्ट द्वारा चाही जा रही सूचना से संबंधित रिकार्ड तलाश करवाया जाकर अपीलान्ट को 15 दिवस मे निःशुल्क सूचना उपलब्ध करवायी जावे। [illegible] के साथ अपील अपीलान्ट का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली [illegible] हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आदेश [illegible] न्यायालय मे [illegible] गया। Signature Not Verified Digitally signed by Suresh Kumar Ola Date: 2023.03.17 17:33:21 IST Reason: SelfAttested ([illegible] कुमार ओला) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर